

अंक 14, 17 जुलाई 2017

# संगठन संवाद पत्र

## विस्तृत प्रवास, दिल्ली

14 और 15 जुलाई 2017



# खत्म होगा दो दशकों का वनवास



# प्रवास कार्यक्रम

## 14 जुलाई 2017 (प्रातः 8.30 से रात्रि 12.45)










**8:30** दिन भर के कार्यक्रम को लेकर दिल्ली निवास पर समीक्षा बैठक

**9:00** दिल्ली संघ कार्यालय के लिए प्रस्थान

**9:30** संघ पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा

**10:30** संघ कार्यालय से प्रस्थान

**11:00** गृहमंत्री निवास पर वरिष्ठ केन्द्रीय मंत्रियों के साथ महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा

**12:45** एनडीएमसी कन्वेंशन सेंटर में आगमन और दिल्ली प्रदेश कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत

**1:00** प्रदेश कोर ग्रुप, प्रदेश संगठन एवं विधायकों के साथ खुली चर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिले स्तर तक के पदाधिकारियों के सुझावों को धैर्यता पूर्वक सुना

**2:30** कार्यकर्ताओं के साथ कन्वेंशन सेंटर में भोजन

**3:00** प्रदेश पदाधिकारियों, जिला प्रभारियों एवं जिलाध्यक्षों के साथ बैठक

**4:30** दिल्ली नगर निगम पार्षदों एवं दिल्ली कैंट पार्षदों के साथ खुली चर्चा में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिल्ली में भाजपा की राजनीति में पार्षदों के कार्यों के प्रभाव को रेखांकित करते हुए पार्षदों को समर्पण के साथ जनहित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया

**5:45** पंडित दीन दयाल विस्तारक योजना में निकले विस्तारकों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने संवाद करते हुए उन्हें उनकी जिम्मेदारियों एवं कार्यप्रणाली पर प्रशिक्षण दिया

**6:45** प्रबुद्ध वर्ग के विशाल सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने भाजपा की विचारधारा को मजबूती से रखा

**8:45** कार्यकर्ताओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों के साथ भोजन एवं चर्चा

**9:30** कोर ग्रुप की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कोर ग्रुप सदस्यों कार्यप्रणाली के लिए ठोस कार्यक्रम दिया

**10:35** दिल्ली निवास के लिए प्रस्थान

**11:00** दिल्ली निवास में दिन भर के कार्यक्रमों का जायजा लिया

**12:45** रात्रि विश्राम





# प्रवास कार्यक्रम

## 15 जुलाई 2017

(प्रातः 8.30 से शाम 5.00)









**8:30** दिल्ली प्रदेश प्रभारी एवं दिल्ली के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ बैठक एवं चर्चा

**11:15** दिल्ली प्रदेश कार्यालय के लिए प्रस्थान

**11:30** दिल्ली प्रदेश कार्यालय में आगमन एवं भव्य स्वागत

**11:35** विभागों और प्रकल्पों के नव नियुक्त प्रतिनिधियों को राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उनकी जिम्मेदारियों और लक्ष्यों के बारे में विस्तृत रूप से बताया

**1:00** प्रदेश पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ भोजन

**2:00** वरिष्ठ प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों के साथ बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने दिल्ली प्रदेश की रणनीति पर विस्तृत चर्चा करके आगामी कार्यक्रमों को निर्धारित किया

**2:45** आजीवन सहयोग निधि की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने विभाग के लक्ष्यों का निर्धारण एवं उसकी मॉ निटरिंग व्यवस्था को सुनिश्चित किया

**3:00** सोशल मीडिया एवं चुनाव प्रबन्धन विभाग की प्रस्तुति में श्री अमित शाह ने इन विभागों के महत्व को बताते हुए लक्ष्यों का निर्धारण किया

**3:30** दिल्ली निवास के लिए प्रस्थान

**5:00** नेहरु मेमोरियल एवं लाइब्रेरी सभागार में 'श्यामा प्रसाद मुकर्जीः विजन ऑफ़ एजुकेशन" का विमोचन राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया





# खत्म होगा दो दशकों का वनवास




अखिल भारतीय प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह दिल्ली में दो दिन के प्रवास पर रहे। इस प्रवास कार्यक्रम में उन्होंने संगठन पदाधिकारियों के साथ बैठक, विभागों एवं प्रकल्पों पर चर्चा, पत्रकारों एवं बुद्धिजीवियों से संवाद एवं ग्रंथालय का उद्घाटन किया। उनके इस प्रवास कार्यक्रम से भारतीय जनता पार्टी को दिल्ली में संगठन के स्तर पर एवं अन्य स्तरों पर व्यापक लाभ मिला है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के इस प्रवास की उपलब्धियों को निम्नवत देख रही है।

- भाजपा को दिल्ली के पिछले पांच विधान सभा चुनावों में आशा के अनुरूप परिणाम नहीं मिलने का संज्ञान लेते हुए श्री शाह ने अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान पार्टी की कमजोरियों की सूक्ष्म विवेचना की। दो दिन के विचार मंथन के पश्चात भविष्य की रणनीति का निर्धारण किया गया जिसमे कि पार्टी के प्रत्येक नेता और पदाधिकारी के लिए निश्चित लक्ष्य तय किये गए और इन लक्ष्यों की मॉनीटरिंग की एक रूप रेखा बनाईं गई। अतः इस प्रवास के बाद निश्चित रूप से पार्टी का संगठन मजबूत होगा।
- दिल्ली की वर्तमान सरकार के भ्रष्टाचार और कुशासन के विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा के पश्चात राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश नेतृत्व को एक निश्चित कार्यक्रम दिया। प्रदेश सरकार की नाकामियों और झूठे वादों को जनता के बीच लाने के लिए वार्ड और जिले स्तर पर आन्दोलन करने की विस्तृत योजना पर चर्चा की।
- श्री शाह के इस प्रवास में जिस तरह से प्रदेश के सभी स्तर के नेतृत्व ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर अपने मन की बात खुले रूप से कही जिससे दिल्ली प्रदेश संगठन में व्याप्त तथाकथित आतंरिक कलह के दुष्प्रचार को निश्चित रूप से विराम लगेगा और भाजपा पहले से अधिक संगठित और एकजुट पार्टी बन कर उभरेगी।
- दिल्ली प्रदेश के शहरीय स्वरुप का संज्ञान लेते हुए श्री शाह ने सूक्ष्म रणनीति के महत्त्व को विशेष रूप से रेखांकित किया और कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर से भी नीचे जा कर बूथ के अन्दर की सामाजिक और आर्थिक विविधताओं को भी रणनीति में समाहित करने के निर्देश दिए। पं. दीनदयाल उपाध्याय विस्तारक योजना में निकले विस्तारको को स्वयं प्रशिक्षण देकर श्री शाह उनमे ऊर्जा का सृजन किया और उनके लिए बूथ स्तर के लक्ष्य भी निर्धारित किये। ऐसी रणनीति से भाजपा को निश्चित रूप से समाज का सभी वर्गों में बूथ और उससे भी नीचले स्तर तक पहुचने में सफलता मिलेगी।
- श्री शाह ने कभी कांग्रेस और अब आम आदमी पार्टी का मजबूत आधार रही झुग्गी-झोपड़ियों और मलीन बस्तियों में केंद्र सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए विशेष कार्यक्रम बनाने के निर्देश दिए, जिससे की इन वर्गों में भाजपा का जनाधार बढे।
- निकाय चुनावों में मिली भारी सफलता के कारण कार्यकर्ताओं और प्रदेश नेतृत्व में शिथिलता आने की संभावनाओं का संज्ञान लेते हुए निगम पार्षदों को सख्ती से जनहित के कार्यो को लगन के साथ करने के निर्देश देते हुए उन्हें सावधान किये कि उनके अच्छे-बुरे कर्मो का भाजपा की भविष्य की संभावनाओं पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। पार्टी अध्यक्ष ने सभी पार्षदों के विधायक बनने की महत्वाकांक्षा से विधानसभा चुनाव में संभावित हानि का संज्ञान लेते हुए सभी पार्षदों को बताया कि उनमें से किसी को भी अगले विधानसभा चुनाव में पार्टी का टिकट नहीं मिलेगा।
- पार्टी के बढ़ते आधार को सुसंगठित करने के लिए श्री शाह ने पार्टी के नियमित कार्यो का सुचारू रूप से निष्पादन करने के लिए 19 विभागों और 9 प्रकल्पो की रचना की है। दिल्ली प्रदेश में इन विभागों और प्रकल्पों के प्रतिनिधियों से सीधे संवाद करके श्री शाह ने उनको इस प्रयोजन के महत्त्व और कार्य प्रणाली के बारे में बताया। इन विभागों और प्रकल्पो के प्रभावी क्रियांवयन से भाजपा को निश्चित रूप से मजबूती मिलेगी।

# स्वच्छता अभियान प्रकल्प

स्वच्छता का संकल्प महात्मा गांधी का सपना था, जिसे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने एक जनांदोलन का रूप देते हुए व्यापक आकार दिया है। आज से लगभग तीन वर्ष पूर्व 2 अक्तूबर 2014 को बापू की समाधि स्थल से स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने बापू के सपने को मूर्त रूप देने का देशवासियों से आग्रह किया था। तब से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के इस संकल्प से देश के लोग खुद को जोड़ रहे हैं, और यह एक व्यापक जन आंदोलन का रूप ले चुका है। ऐसे में एक राजनीतिक दल के रूप में भारतीय जनता पार्टी ने भी अपने दायित्व के तौर पर इसे स्वीकार किया है। स्वच्छता अभियान को एक प्रकल्प के रूप में आत्मसात करते हुए पार्टी ने कुछ लक्ष्य एवं कुछ उद्देश्य तय किए हैं। इसके तहत निम्नवत रूप से कार्य किए जा रहे हैं।

- स्वच्छता अभियान भारतीय जनता पार्टी द्वारा महत्वपूर्ण और सामाजिक तथा मानवीय दृष्टि के मद्देनज़र बनाया गया प्रकल्प है।
- इस प्रकल्प के तहत पार्टी की विभिन्न इकाईयाँ स्वयं की प्रेरणा से छोटी छोटी टोली बनाकर नियमित अंतराल पर अपने अगल-बगल के मोहल्लों में जहाँ गन्दगी होती है, उसे साफ़ करने का बीड़ा उठा रही है।
- यह प्रकल्प नगरीय इलाकों में कचरा प्रबंधन और उन आदतों के खिलाफ़ भी जागरूकता फैलाने का कार्य करती है जिससे कि सड़क और गली-मोहल्लों में गन्दगी का अंबार लगता है।
- इस प्रकल्प का यह दायित्व है कि वह स्वच्छता के प्रति लोगो को जागरूक करे। इसके साथ ही इस प्रकल्प के तहत पुरानी कुरीतियों, जैसे सिर पर मैला ढ़ोने की पद्धति को शौचालय निर्माण के माध्यम समाप्त करने की दिशा में ठोस कार्य किए जाने का लक्ष्य है। मैला ढ़ोने के काम में जुटे व्यक्तियों को अन्य आजीविका उपलब्ध कैसे हो, इस पर विचार करना तथा इनकी आजीविका सुनिश्चित करना भी इस प्रकल्प का कार्य दायित्व है।
- इसके तहत हर प्रदेश में इस पद्दति के शौचालय कहाँ–कहाँ हैं , इसकी सुची वितरित की गई है। सूची को देखकर फिर उस पर गंभीरता से काम करने का दायित्व भी इस प्रकल्प का है।
- सूचि के आधार पर ऐसे शौचालयों को आधुनिक शौचालयों में परिवर्तित करने का कार्य स्वच्छता अभियान प्रकल्प करता है।
- प्रकल्प का प्रमुख दायित्व यह भी है कि वह मैला ढ़ोने की मजबूरी से संबंधित व्यक्तियों को ऐसे कार्यों से मुक्त कर उन्हें सम्मानजनक आजीविका का साधन मुहैया कराएँ।
- प्रकल्प को समयावधि का विशेष ध्यान रखना है तथा तय समय में प्रकल्प को जिले के अनुसार परिणाम देने वाले प्रयासों से स्वयं को जोड़ते हुए इस कार्य को त्वरित ढंग से पूर्ण करना है।

## स्वच्छता अभियान प्रकल्प पर श्री अमित शाह के विचार

स्वच्छता को लेकर महात्मा गांधी का आग्रह सर्वविदित है। महात्मा गांधी का सपना था कि हमारा देश और हमारा समाज स्वच्छ बने। उनके इस सपने को सच करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देशव्यापी अपील की, जिसका व्यापक असर हुआ। स्वच्छ भारत अभियान के रूप में वह अपील आज जनान्दोलन बन चुकी है। हम सबका यह दायित्व है कि अपने समाज एवं आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए इसे अपना कर्तव्य मानते हुए अपना योगदान दें।




# 'डॉ श्यामा प्रसाद मुकर्जी: हिज विजन ऑफ़ एजुकेशन'

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने दिल्ली प्रवास के उपरान्त दिनांक 15 जुलाई 2017 को दिल्ली स्थिति नेहरु मेमोरियल एंड लाइब्रेरी के सभागार में डॉ श्यामा प्रसाद मुकर्जी रिसर्च फाउंडेशन के निदेशक डॉ अनिर्बान गांगुली एवं प्रोफेसर अवधेश कुमार सिंह जी द्वारा संपादित पुस्तक **'डॉ श्यामा प्रसाद मुकर्जी: हिज विजन ऑफ़ एजुकेशन'** का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने पुस्तक में निहित विभिन्न विषयों को रेखांकित करते हुए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के शिक्षा संबंधी "अष्टसिद्धांत" पर अपने विचार प्रस्तुत किये। अपने संबोधन में श्री अमित शाह ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के संपूर्ण जीवन पर प्रकाश डालते हुए तत्कालीन परिस्थितियों में डॉ मुकर्जी महत्वपूर्ण योगदान को भी रेखांकित किया। पुस्तक के संबंध उनके संबोधन के कुछ अंश:

- आज शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोगों को डॉ श्यामा प्रसाद मुकर्जी के शिक्षा के संबंध में दिए अष्टसिद्धांतों को समझना चाहिए। उन्होंने एक एक महत्वपूर्ण बात कही थी कि भारत की शिक्षा व्यवस्था भारत के लोगों की नैसर्गिक प्रतिभा एवं भारत की संस्कृति से मेल खाती होनी चाहिए। भारत की मूल संस्कृति को नैसर्गिक रूप में आत्मसात करती शिक्षा व्यवस्था की बात डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा की गयी थी।
- एक महत्वपूर्ण बिंदु और है जिसपर विचार किया जाना चाहिए। शिक्षा के विविध स्तरों, जैसे प्राथमिक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, के बीच एक सामंजस्य का होना अनिवार्य तत्व है। ये सभी अलग-अलग विभाजित न होकर एक दूसरे की पूरक होनी चाहिए।
- डॉ श्यामा प्रसाद मुकर्जी मानते थे कि शिक्षा में गुणवत्ता से समझौता किए बिना इसको सर्वसुलभ बनाने का कार्य पद्धति तैयार होनी चाहिए। डॉ श्यामा प्रसाद एक ऐसे युगदृष्ट थे जो भविष्य की चुनौतियों का आकलन बखूबी कर पाते थे। अतः उन्होंने अपने शिक्षा संबंधी विचारों में इसका ख्याल रखा था।



"प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने देश के विकास व गरीब-कल्याण के लिए लगभग 106 योजनाओं की शुरुआत की है और इनमें से एक भी योजना ऐसी नहीं है जो किसी एक वर्ग के लिए बनी हो, ये सभी योजनायें सर्व स्पर्शी और सर्व समावेशी हैं।"

आजादी के बाद पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में जब देश की विकास नीतियों का निर्धारण हो रहा था तब डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सहित कई राष्ट्र मनीषियों को लगा कि नेहरू सरकार की नीतियाँ देश को आगे ले जाने के बजाय पीछे ले जायेगी, तब उन लोगों ने एक ऐसी वैकल्पिक नीति को राष्ट्र के सामने रखने का काम किया जिसमें देश की मिट्टी की सुगंध हो, उससे पाश्चात्य विचारों की बू न आती हो।

भारतीय जनता पार्टी देश की राजनीति के अंदर फिर से शुचिता को प्रतिस्थापित करने, राजनीति में पारदर्शिता लाने, देश के लोकतंत्र को मजबूत करने और देश का सर्व-स्पर्शी व सर्व-समावेशी विकास करने का काम कर रही है।

अब देश में सरकारों का तुलनात्मक अध्ययन करने का समय आ गया है कि कांग्रेस, कम्युनिस्ट एवं क्षेत्रीय पार्टियों की सरकारों ने कैसा काम किया है और भारतीय जनता पार्टी की सरकारों में किस तरह से विकास हुआ है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टीकरण की राजनीति को ख़त्म कर देश में पॉलिटिक्स ऑफ़ परफॉरमेंस के एक नए युग की शुरुआत की है।

कांग्रेस और भारतीय जन संघ की विचारधारा में मुख्य अंतर यह है कि कांग्रेस भारत की प्राचीन सभ्यता व संस्कृति को पुराना मानकर देश का नवनिर्माण करना चाहती थी जबकि जन संघ भारत की महान सांस्कृतिक विरासत को आधार मान कर देश का पुनर्निर्माण करना चाहती थी।

भारतीय जन संघ की स्थापना ही सिद्धांतों के आधार पर देश को एक वैकल्पिक नीति देने के लिए हुई थी और आज भी भारतीय जनता पार्टी उन्हीं नीतियों पर चल रही है।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

**अमित शाह का शुरू हुआ दो दिवसीय प्रवास**

**बीजेपी ने दिया नया आर्थिक मंत्र : शाह**

भाजपा सरकार ने देश को एक नया आर्थिक विकास दर्शन दिया है : अमित शाह

**अमित शाह ने संघ से मंत्रणा की**

राजधानी में शाह ▸ कार्यकर्ताओं को दिया मिशन दिल्ली का मंत्र

**नेता नहीं, जनता के पास चक्कर लगाएं कार्यकर्ता**

वैचारिक मतभेद को दूर कर ईमानदारी से करें काम : शाह

भाजपा में गुटबाजी की जगह नहीं:शाह

**अमित शाह के दौरे को लेकर शहर भाजपा कार्यसमिति की बैठक**

राजधानी में अमित शाह का स्वागत

**मोदी राज में बढ़ा विदेशी मुद्रा भंडार**

अमित शाह ने दिल्ली भाजपा के नेताओं संग की बैठक

दो दिवसीय दिल्ली प्रवास पर रहे अमित शाह, प्रदेश कार्यालय में भी रहे 3 घंटे

**'देश का मिशन बनेंगे भाजपा कार्यकर्ता'**

**'लोकतंत्र को मजबूत करने वाली पार्टी भाजपा'**








Internal party democracy crucial: Shah

**'Nationalism Does Not Mean Breaking the Nation into Pieces in the Name of Liberal Thought'**

At Delhi stop, Shah takes aim at 'dynastic' Congress

**चुनावी मशीन नहीं देश के लिए मिशन बनेंगे भाजपा कार्यकर्ता**

**A dynastic party cannot take India forward: Shah's jibe at Congress**

**Don't become election machines: Shah to cadre**

NEW DELHI
At the end of the BJP's two-day *Pravas* here on

शाह ने दिया मिशन दिल्ली का मंत्र

**Amit Shah holds meetings with leaders in Delhi**

Shah, Delhi BJP leaders participate in 'PRAVAS' event

*Shah: Party workers not just election machines*

AGE CORRESPONDENT
NEW DELHI, JULY 15

पंडित दीनदयाल उपाध्याय
जन्म शताब्दी वर्ष

**Shah takes a jibe at Cong dynasty rule**

*Warns state BJP leaders against lax attitude*

http://www.bjp.org/adhyakshiyapravas2017